संख्या–**cm-418**
**10/08/2021**

# मुख्यमंत्री से वर्ष 2021 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने की शिष्टाचार मुलाकात।

पटना, 10 अगस्त 2023 :– 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में वर्ष 2021 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के बिहार कैडर के 10 प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। प्रशिक्षु पदाधिकारियों में श्री शुभम कुमार, श्री प्रवीण कुमार, श्री अनिक बसाक, सुश्री निशा, सुश्री शैलजा पाण्डेय, सुश्री शिवाक्षी दीक्षित, सुश्री अपूर्वा त्रिपाठी, श्री सूर्य प्रताप सिंह, सुश्री सारा अशरफ एवं श्री आकाश चौधरी शामिल थे।

प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षुओं को बेहतर ढंग से ट्रेनिंग पूरी करने की शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव श्री बी0 राजेंदर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, बिपार्ड के अपर महानिदेशक श्री विनोद सिंह गुंजियाल एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******